| दिनांक 14.04.2024 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 14/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर अग्निशमन तथा आपात सेवा के पुलिस महानिदेशक द्वारा पिन फ्लैग लगाया गया

श्री प्रशान्त कुमार, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 को आज दिनांक 14–04–2024 अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस व अग्नि–सुरक्षा सप्ताह प्रारम्भ के अवसर पर उ0प्र0 अग्निशमन तथा आपात सेवा के पुलिस महानिदेशक श्री अविनाश चन्द्र द्वारा पिन फ्लैग लगाया गया।





## जनपद बाराबंकी/थाना सतरिख

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 13.04.2024 को थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम मंजीठा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बाराबंकी, सुल्तानपुर, कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, डकैती, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना सतरिख पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सतरिख पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मुकेश कुमार निवासी समरथपुर थाना बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद गोरखपुर/थाना एम्स

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 14.04.2024 को थाना एम्स पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त सर्वेश को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना चौरी चौरा पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना एम्स पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सर्वेश निवासी मिश्रौली थाना कटेया जनपद गोपालगंज बिहार।

**कमिश्नरेट आगरा/थाना शाहगंज**

- **पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की सोने–चाँदी के आभूषण, नगद रूपये**
- **58 चाबी कार/मोटर साइकिल, 68 चाबी आलमारी, 27 चाबी/ताले**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल**
- **चोरी करने के उपकरण आदि बरामद**

दिनांक 13/14.04.2024 को थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सरिताधाम तिराहा बिचपुरी के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–नानक उर्फ नानू घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–धर्मसिंह 3–शेरसिंह 4–अकाल सिंह सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की सोने–चाँदी के आभूषण, नगद रूपये, 58 चाबी कार/मोटर साइकिल, 68 चाबी आलमारी, 27 चाबी/ताले, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल, चोरी करने के उपकरण आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त नानक उर्फ नानू के विरूद्ध जनपद गोरखपुर कमिश्नरेट आगरा के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग, अभियुक्त धर्मसिंह के विरूद्ध कमिश्नरेट आगरा के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 05 अभियोग, अभियुक्त

अकाल सिंह के विरूद्ध कमिश्नरेट आगरा के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 06 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना शाहगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—नानक उर्फ नानू निवासी उडी खोदरी थाना पलसूद जनपद बढ़वानी मध्यप्रदेश।

2—धर्मसिंह निवासी टाकलिया फाटक सिंगल फलिया दाहोद थाना टाऊन जनपद दाहोद गुजरात।

3—शेरसिंह निवासी ग्राम बरिया थाना गंधवानी जनपद धार मध्यप्रदेश।

4—अकाल सिंह निवासी उडी खोदरी थाना पलसूद जनपद बडवानी मध्यप्रदेश।

**बरामदगी**

1—चोरी के सोने—चाँदी के आभूषण, नगद रूपये।

2—58 चाबी कार/मोटर साइकिल, 68 चाबी आलमारी, 27 चाबी/ताले।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल

5— चोरी करने के उपकरण आदि।

## जनपद सीतापुर/थाना खैराबाद

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **15 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर**
- **02 खोखा कारतूस, 07 नाल विभिन्न बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 14.04.2024 को थाना खैराबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम पाठकपुर शमशान घाट के पास से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्तों 1—मुन्ना उर्फ मुछई 2—शिवकुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 15 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 02 खोखा कारतूस, 07 नाल विभिन्न बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त मुन्ना उर्फ मुछई के विरूद्ध जनपद सीतापुर के विभिन्न थानो में गैंगेस्टर एक्ट, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 06 अभियोग एवं अभियुक्त शिवकुमार के विरूद्ध जनपद सीतापुर के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना खैराबाद पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मुन्ना उर्फ मुछई निवासी मो0सराय थाना खैराबाद जनपद सीतापुर।

2—शिवकुमार निवासी अनीसपुर थाना खैराबाद जनपद सीतापुर।

**बरामदगी**

1—15 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर।

2—02 खोखा कारतूस, 07 नाल विभिन्न बोर।

3—अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

## जनपद कौशाम्बी/थाना सराय अकिल

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 चार पहिया, 06 दो पहिया वाहन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 14.04.2024 को थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नन्दा का पुरवा पीपा पुल के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त अमित कुमार को गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की 01 चार पहिया, 06 दो पहिया वाहन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना सराय अकिल पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अमित कुमार निवासी देवर पट्टी नरवल थाना संदीपन घाट जनपद कौशाम्बी।

**बरामदगी**

1–चोरी की 01 चार पहिया, 06 दो पहिया वाहन।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

**जनपद फिरोजाबाद/थाना जसराना**

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **11 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर**
- **02 जीवित कारतूस, 04 नाल विभिन्न बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 13.04.2024 को थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नगला राम चौराहा के पास से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्तों 1–देवेन्द्र 2–रामशंकर उर्फ छोटे को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 11 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 02 जीवित कारतूस, 04 नाल विभिन्न बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त देवेन्द्र शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद फिरोजाबाद, एटा के विभिन्न थानो में आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना जसराना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–देवेन्द्र निवासी मोहम्मदपुर थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद।

2–रामशंकर उर्फ छोटे निवासी मोहम्मदपुर थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी**

1–11 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर।

2–02 जीवित कारतूस, 04 नाल विभिन्न बोर।

3–अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

## जनपद बांदा/थाना पैलानी

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 15 लाख रूपये कीमत के 01 कुन्तल 01 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **नगद रूपये, 06 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन बरामद**

दिनांक 13.04.2024 को थाना पैलानी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कालेश्वर मन्दिर के पास से 05 अभियुक्तों 1–संजय उर्फ तन्नू 2–अरविन्द 3–अशोक 4–भरत लाल 5–अमेन्द्रजीत उर्फ मिन्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 15 लाख रूपये कीमत के 01 कुन्तल 01 किलोग्राम अवैध गांजा, नगद रूपये, 06 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थना पैलानी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–संजय उर्फ तन्नू निवासी खप्टिहांकला थाना पैलानी जनपद बांदा।

2–अरविन्द निवासी अछरौड़ थाना मटौध जनपद बांदा।

3–अशोक निवासी गुरेह थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।

4–भरत लाल निवासी खप्टिहांकला थाना पैलानी जनपद बांदा।

5–अमेन्द्रजीत उर्फ मिन्ता निवासी खप्टिहांकला थाना पैलानी जनपद बांदा।

**बरामदगी**

1—लगभग 15 लाख रूपये कीमत के 01 कुन्तल 01 किलोग्राम अवैध गांजा।

2—नगद रूपये, 06 मोबाइल फोन।

3—घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन।

## जनपद शाहजहाँपुर/थाना सिंधौली

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **158 ग्राम अवैध स्मैक बरामद**

दिनांक 13.04.2024 को थाना सिंधौली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम जमुनिया के पास से अभियुक्त आमिर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 158 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना सिंधौली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—आमिर निवासी जमुनिया थाना सिंधौली जनपद शाहजहाँपुर।

**बरामदगी**

1—158 ग्राम अवैध स्मैक।

———— 